**दिनांक 15.09.2021 को श्री आदित्य रंजन (भा0प्र0से0) उपायुक्त–सह–अध्यक्ष आत्मा, कोडरमा की अध्यक्षता में आत्मा शासकीय निकाय की बैठक की कार्यवाही :–**

**उपस्थिति पंजी में संधारित।**

## कार्यवाही

सर्वप्रथम, उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, आत्मा, कोडरमा द्वारा सभी माननीय सदस्यों का स्वागत किया गया तत्पश्चात् परियोजना निदेशक, आत्मा कोडरमा द्वारा पिछली बैठक की कार्यवाही की सम्पुष्टि/ अनुपालन के संबंध में बताया गया तथा बैठक की कार्यावली पर चर्चा की गई।

प्रस्ताव सं0 01– निदेशक समेति, झारखण्ड, राँची का पत्रांक 437 दिनांक 10.08.2021 द्वारा प्राप्त पत्र के आलोक में एक्सेटेंशन रिफॉर्म्स (ATMA/SMAE) योजनान्तर्गत जिला विस्तार कार्य योजना (DEWP-2021-22) का अनुमोदन हेतु प्रस्ताव निम्न प्रकार हैः-

| क0सं0 | कार्य का नाम | लक्ष्य | प्रस्तावित स्थल | प्रस्तावित विषय |
|---|---|---|---|---|
| एजेंडा 1 | जिला स्तरीय प्रशिक्षण | 02 | आत्मा सभागार, कोडरमा Batcht size- 60 No. of days-03 (Action Plan के अनुसार कुल 180 किसानों को प्रशिक्षण दिया जाना है।) | जैविक खेती/ पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन |
| एजेंडा 2 | प्रत्यक्षण | 200 | किसानों के खेत में (रबी मौसम में प्रस्तावित प्रत्यक्षण हेतु बीज की उपलब्धता के आधार पर स्थल /लाभुकों का चयन किया जाएगा।) | परवल की खेती/संकर पपीता/ लत्तर वाली सब्जी/ हरा चारा |
| एजेंडा 3 | अन्तर्राजकीय परिभ्रमण | 01 | **NDRI** Karnal/ **IVRI**, Varanasi, | दुग्ध उत्पादन/ सब्जी उत्पादन |
| एजेंडा 4 | राज्यस्तरीय परिभ्रमण | 02 | BAURanchi, HARP Plandu, Ranchi | किसान मेला, समेकित कृषि प्रणाली |
| एजेंडा 5 | जिला स्तरीय परिभ्रमण | 06 | किसान मेला तथा Demonstration Site पर | |
| एजेंडा 6 | जिला स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी | 01 | जिला मुख्यालय | |
| एजेंडा 7 | कृषि एवं संबद्ध विषय से संबंधित तकनीक का लिफलेट, बुकलेट के माध्यम से प्रचार प्रसार | 06 | - | - |
| एजेंडा 8 | Low cost Publication | 01 | - | - |
| एजेंडा 9 | Development of Technology package on electronic form to shared through IT Network | 03 | - | - |
| एजेंडा 10 | कृषक वैज्ञानिक अन्तरमिलन | 02 | के0भी0के0 कोडरमा द्वारा | |
| एजेंडा 11 | के0भी0के0 द्वारा जिला स्तर पर सहयोग करने हेतु नामित विशेषज्ञ | 01 | के0भी0के0 कोडरमा द्वारा | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| एजेंडा 12 | किसान गोष्ठी | 06 | प्रखण्ड स्तर पर (BTM/ ATM द्वारा) | कृषि एवं संबंधित विषयों पर जीयो टैगिंग के साथ (कार्यक्रम का फटोग्राफ, समय एवं दिनांक सहित) |
| एजेंडा 13 | कृषक पाठशाला | 12 | प्रखण्ड स्तर पर (BTM/ ATM द्वारा) | कृषि एवं संबंधित विषयों पर जीयो टैगिंग के साथ (कार्यक्रम का फटोग्राफ, समय एवं दिनांक सहित) |

उपरोक्त प्रस्ताव पर सभी माननीय सदस्यों से स्वीकृति अपेक्षित है।

**निर्णयः** उपरोक्त प्रस्ताव पर उपायुक्त-सह-अध्यक्ष आत्मा द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा कोडरमा को निदेश दिया गया कि एजेंडा संख्या 01 से 06 तक की गतिविधियों में JSLPS की महिला समूह एवं AKS/SAKS/APS/SAPS की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। एजेंडा संख्या 07, 08 एवं 09 पर अगले बैठक में निर्णय लिया जाएगा।

उपायुक्त महोदय द्वारा निदेश दिया गया कि उपरोक्त सभी कार्यक्रम में कृषि यंत्र, कीटनाशी, बीज एवं उर्वरक कम्पनी का चयन करते हुए कम से कम 10 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

उपरोक्त सभी एजेंडा पर एक उचित मानदंड तैयार कर लाभुकों का चयन करने का निदेश दिया गया, जो निम्न है :-

- कार्यान्वित योजनाओं में स्थल/ लाभुक का चयन में दोहरीकरण न करते हुए, जहाँ विगत् तीन वर्षो से गाँव/ पंचायत का चयन नहीं किया गया है, वहाँ पारदर्शिता के साथ लाभुकों का चयन करना सुनिश्चित करेंगे।
- जिन गतिविधियों हेतु लाभुकों का चयन किया जाएगा, उस गतिविधि को करने हेतु लाभुकों के पास पर्याप्त संसाधन एवं रूचि होनी चाहिए।
- फसल प्रत्यक्षण हेतु ऐसे स्थलों का चुनाव करें, जहाँ सिंचाई की सुविधा सुनिश्चित हो।
- कृषक पाठशाला/कृषक गोष्ठी का संचालन ऐसे प्रगतिशील कृषक के प्रक्षेत्र पर की जाएगी, जो किसी विशिष्ट क्षेत्र जैसे- फसल उत्पादन, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य पालन आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ठ कार्य कर रहे हों।
- प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण हेतु वैसे लाभुकों का चयन करें जो संबंधित विषय में रूचि रखता हो एवं उसके पास प्रशिक्षणोपरान्त/ परिभ्रमणोपरान्त अपने प्रक्षेत्र पर अनुपालन करने हेतु पर्याप्त संसाधन होने चाहिए।

इस संबंध में परियोजना निदेशक, आत्मा प्रखण्ड स्तर पर कार्यरत BAO/ BTM/ATM/VLWs को पत्र निर्गत कर आवश्यक दिशा-निदेश देंगे।

उपरोक्त कार्यक्रम पर आवश्यक विचारोपरान्त सभी माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

प्रस्ताव सं0 02 – आत्मा कार्यालय में कार्यरत सभी पदाधिकारी/कर्मियों एवं प्रखण्ड स्तर पर प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक/ सहायक तकनीकी प्रबंधक का सेवा विस्तार।

आत्मा में कार्यरत पदाधिकारियों/ कर्मियों का सेवा विस्तार किये जाने हेतु सूची निम्नवत हैः–

| क0सं0 | नाम | पदनाम | जिला / प्रखण्ड |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री त्रिपुरारी शर्मा | प्रभारी उप परियोजना निदेशक | जिला मुख्यालय कोडरमा |
| 2 | श्री रविन्द्र कुमार | लेखापाल | जिला मुख्यालय कोडरमा |
| 3 | श्री मुकेश कु0 पाण्डेय | कम्प्यूटर ऑपरेटर | जिला मुख्यालय कोडरमा |
| 4 | श्री राजकुमार दास | अनुसेवक | जिला मुख्यालय कोडरमा |
| 5 | श्री संतोष कु0 सिंह | प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक | कोडरमा |
| 6 | मो0 जावेद अली | सहायक तकनीकी प्रबंधक | डोमचाँच |
| 7 | श्री प्रमोद कुमार | सहायक तकनीकी प्रबंधक | चन्दवारा |
| 8 | फरजाना परवीन | सहायक तकनीकी प्रबंधक | चन्दवारा |
| 9 | ओम प्रकाश गुप्ता | सहायक तकनीकी प्रबंधक | जयनगर |
| 10 | सुश्री रमा कुमारी | सहायक तकनीकी प्रबंधक | 01.03.2021 से आत्मा हजारीबाग में प्रतिनियुक्त |
| 11 | श्री अरविन्द कु0 पाण्डेय | सहायक तकनीकी प्रबंधक | डोमचाँच |
| 12 | श्री उमा शंकर पाण्डेय | सहायक तकनीकी प्रबंधक | कोडरमा |
| 13 | श्री रंजीत कु0 पाण्डेय | सहायक तकनीकी प्रबंधक | मरकच्चो |
| 14 | श्री अभिषेक गौरव | सहायक तकनीकी प्रबंधक | सतगावाँ |

उपरोक्त प्रस्ताव पर माननीय सदस्यों से स्वीकृति अपेक्षित है।

**निर्णयः** आत्मा में कार्यरत पदाधिकारियों/ कर्मियों का सेवा विस्तार हेतु आवश्यक विचारोपरान्त सभी माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से एक वर्ष के लिए स्वीकृति प्रदान की गई।

**अन्यान्य–** श्री अभय कुमार, इनपुट डीलर डोमचाँच द्वारा प्रस्ताव लाया गया कि कोडरमा जिले के सभी खाद–बीज विक्रेता का आत्मा कोडरमा एवं के0भी0के0 जयनगर से प्रशिक्षण करवाया जाए ताकि प्रशिक्षणोपरान्त उर्वरक एवं कीटनाशक बिक्री हेतु अनुज्ञप्ति प्राप्त हो सके।

इस पर उपायुक्त महोदय द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा एवं प्रभारी पदाधिकारी के0भी0के0 जयनगर, कोडरमा को अक्टूबर 2021 में प्रशिक्षण प्रारंभ करने का निदेश दिया गया।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही सम्पन्न की गई।

परियोजना निदेशक
आत्मा, कोडरमा

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष
आत्मा, कोडरमा

ज्ञापांक ....172..................../                    कोडरमा, दिनांक ..22/09/2021

प्रतिलिपिः– सभी आत्मा शासकीय निकाय के सदस्यों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

18/09/21

परियोजना निदेशक  
आत्मा, कोडरमा

18/9

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष  
आत्मा, कोडरमा

ज्ञापांक ....172..................../                    कोडरमा, दिनांक ..22/09/2021

प्रतिलिपिः– निदेशक, समेति, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

18/09/21

परियोजना निदेशक  
आत्मा, कोडरमा

18/9

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष  
आत्मा, कोडरमा

ज्ञापांक ....172..................../                    कोडरमा, दिनांक 22/09/2021

प्रतिलिपिः– कृषि निदेशक, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ समर्पित।

18/09/21

परियोजना निदेशक  
आत्मा, कोडरमा

18/9

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष  
आत्मा, कोडरमा

ज्ञापांक ....172..................../                    कोडरमा,दिनांक 22/09/2021

प्रतिलिपिः– सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची की सेवा में सूचनार्थ समर्पित।

18/09/21

परियोजना निदेशक  
आत्मा, कोडरमा

18/9

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष  
आत्मा, कोडरमा